भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 151#
गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन महोत्सव

151#. श्रीमती सीमा द्विवेदीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने के अवसर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी मंत्रालयों की संयुक्त भागीदारी, उसमें युवाओं की भूमिका और पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर साझा-सांस्कृतिक विरासत के महोत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से चरणबद्ध तैयारी शुरू कर रही है; और

(ख) क्या सरकार प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के महत्व वाले सभी स्थानों पर पर्यटन को रोजगार से जोड़ने की संभावना संबंधी किसी प्रकार की योजना पर काम कर रही है, ताकि भारत द्वारा इस वैश्विक नेतृत्व को संभालने के अवसर पर भारत की गौरवशाली परंपरा को विश्व मंच पर प्रदर्शित किया जा सके?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी, हां। सरकार ने उन स्थानों को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है, जहाँ भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत विभिन्न मंत्रालयों द्वारा बैठकें की जा रही हैं। भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता संभालने के अवसर पर और जी-20 बैठकों की तैयारियों के एक भाग के रूप में पर्यटन मंत्रालय ने अपने पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से टैक्सी चालकों, टूरिस्ट गाइड, फ्रंटलाइन एयरपोर्ट और होटल स्टाफ, कस्टम, इमिग्रेशन और एयरपोर्ट पर सुरक्षा स्टाफ सहित पर्यटन सेवा प्रदाताओं और विभिन्न हितधारकों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

(ख): पर्यटन मंत्रालय इस तथ्य से अवगत है कि पर्यटन रोजगार का एक प्रमुख स्रोत है और इसका संबंधित क्षेत्रों में रोजगार पर महत्वपूर्ण गुणक प्रभाव है। पर्यटन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण हेतु संसाधन पैदा कर सकता है और इसमें सतत विकास लक्ष्यों के लिए सकारात्मक योगदान देने की असीम क्षमता है। नीतिगत कार्य क्षेत्रों के आधार पर,

जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान पांच परस्पर जुड़े प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर काम हो रहा है, जो पर्यटन क्षेत्र में हो रहे बदलाव में तेजी लाने और 2030 एसडीजी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख मूलभूत खण्डों का निर्माण करते हैं, पांच चिह्नित प्राथमिक क्षेत्रों में से एक "कौशल - पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों और उद्यमिता हेतु युवाओं को कौशल प्रदान करके सशक्त बनाना" है।

*****